ग विभाग

रन


ा :– हिन्दुस्तान

जनवरी 2025

01 जनवरी 2025

## एयरपोर्ट के तर्ज पर सब-वे में लगाए जा रहे हैं ट्रैवलेटर

पटना जंक्शन के पास बन रहे सब-वे में एयरपोर्ट के तर्ज पर ट्रैवलेटर लगाया जा रहा है। 440 मीटर लंबे और 1.5 मीटर चौड़े सब-वे का निर्माण चल रहा है। जिसमें 30, 55, 48 और 18 मीटर का आने और जाने के लिए अलग-अलग ट्रैवलेटर लग रहे हैं। सब-वे में 161 मीटर भूमिगत टनल और 128 मीटर में एडग्रेड (रोड लेवल) का निर्माण किया गया है। सब-वे का टनल पूरी तरह से वातानुकूलित रहेगा। इसके अलावा डिजाइनदार फॉल्स सीलिंग भी बनायी जा रही है।



पटना जंक्शन के पास बन रहे सबवे में लगा रहा स्केलेटर।

अशोक राजपथ में बन रहा डबल डेकर पुल और पटना जंक्शन के समीप बन रहा सब-वे वर्तमान वित्तीय वर्ष में चालू कर दिया जाएगा। दोनों परियोजनाएं लोगों के लिए काफी लाभकारी होगी। लोगों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी।



– सुनील कुमार, प्रबंध निदेशक, पुल निर्माण निगम